# ब्लड ट्रांसफ्यूजन (रक्त-आधान) कराने सम्बन्धी जानकारी:

यह सूचना पत्र व्याख्या करता है कि आपको ब्लड ट्रांसफ्यूजन की ज़रूरत क्यों पड़ सकती है और इसके लिए क्या प्रत्याशा करनी चाहिए। आपको इसकी ज़रूरत क्यों है (या क्यों पड़ सकती है) और क्या आपकी परिस्थिति में कोई अन्य विकल्प हैं, इस बारे में अपने डॉक्टर से बात करें।

## मुझे ब्लड ट्रांसफ्यूजन की ज़रूरत क्यों पड़ सकती है?

आपको ब्लड ट्रांसफ्यूजन की ज़रूरत पड़ सकती है यदि:

> सर्जरी, बच्चे को जन्म देते समय या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद आपका बहुत अधिक मात्रा में खून बह जाता है।

> आप इस प्रकार के एनीमिया (लाल रक्त कोशिकाओं की कमी) से पीड़ित हैं जिसका इलाज अकेले आयरन या अन्य विटामिनों से नहीं किया जा सकता है।

> आपका शरीर पर्याप्त स्वस्थ नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण नहीं कर सकता है। ऐसा बोन मेरो (अस्थि मज्जा) समस्या या कीमोथेरपी के कारण हो सकता है।

## ब्लड ट्रांसफ्यूजन के विभिन्न प्रकार क्या हैं?

रक्त दानों को अलग-अलग भागों में विभाजित करके विशेष बैगों या बोतलों में संभाल कर रखा जाता है। फिर आपको केवल वह भाग चढ़ाया जाता है जिसकी ज़रूरत आपके शरीर को होती है। 3 मुख्य भाग हैं:

> लाल रक्त कोशिकाएँ, जो मांस-तंतुओं और अंगों तक ऑक्सीजन ले जाती हैं।

> प्लेटलेट्स, जो रक्तस्राव (ब्लीडिंग) रोकने में मदद करती हैं।

> प्लाज्मा, जिसमें रक्त के जमने के कारक (रक्तस्राव रोकने में मदद देने के लिए) और साथ ही अन्य प्रोटीन और एंटी-बॉडीज़ (रोग-प्रतिकारक) होते हैं।

## ब्लड ट्रांसफ्यूजन के क्या खतरे हैं?

विश्वभर में ऑस्ट्रेलिया में रक्त की आपूर्ति सबसे सुरक्षित आपूर्तियों में से है परन्तु सभी चिकित्सीय कार्यविधियों के समान, ब्लड ट्रांसफ्यूजन खतरे से मुक्त नहीं है।
ट्रांसफ्यूजन के सबसे आम खतरों में शामिल हैं:

> मामूली प्रतिक्रियाएँ जैसे कि हल्का बुखार या त्वचा में दाना।

> ज़रूरत से अधिक IV ड्रिप दिया जाना, जिससे सांस लेने में कठिनाईयाँ हो सकती हैं, विशेषकर वृद्धों और हृदय की समस्याओं से ग्रस्त लोगों में।

ट्रांसफ्यूजन के बहुत निम्न खतरों में शामिल हैं:

> ऐसा रक्त चढ़ाया जाना जो आपसे 'मेल' न खाता हो।

> गंभीर प्रतिक्रियाएँ, उदाहरणत: एलर्जी या फेफड़ों में गंभीर चोट।

> संक्रमण (इन्फेक्शन) का प्रसारण, उदाहरणत: जीवाणु (बैक्टीरिया) या विषाणु (वाइरस)।

प्रतिक्रियाओं पर करीब से नज़र बनाए रखने और शीघ्रता से कदम उठाने में कर्मचारी प्रशिक्षित होते हैं।

## ब्लड ट्रांसफ्यूजन कैसे दिया जाता है?

नर्म प्लास्टिक ट्यूब का प्रयोग करके आम-तौर पर आपकी भुजा या हाथ में, नस पर रक्त का रसाव (ड्रिप) किया जाता है।

रक्त के प्रत्येक पैक (एक युनिट) में 4 घंटे का समय लग सकता है, परन्तु ज़रूरत पड़ने पर यह अधिक तेज़ी से चढ़ाया जा सकता है।

क्लिनिक केकर्मचारी ब्लड सैम्पल लिए जाने और आपके ट्रांसफ्यूजन से कुछ देर पहले आपकी पहचान की कड़ी जांच करेंगे। यह महत्वपूर्ण है कि आप ID बैंड पहनें और पूछे जाने पर अपना पूरा नाम और अपनी जन्म-तिथि बताएँ। यह इसलिए ताकि आपको गलत खून न चढ़ाया जाए (जो किसी अन्य व्यक्ति केलिए हो)। कर्मचारियों द्वारा आपकी पहचान की जांच करते समय कोई समस्या होने पर बताएँ। सुनिश्चित करें कि आपका विवरण (स्पेलिंग सहित) 100% सही है।

© Department for Health & Wellbeing, Government of South Australia
सभी अधिकार सं रक्षित है। *BloodSafe TP-L3-813 v2.1 2023*

Government of South Australia
SA Health

## ब्लड ट्रांसफ्यूजन के दौरान मुझे कैसा महसूस होगा?

अधिकांश लोग अपने ट्रांसफ्यूजन के दौरान कुछ अलग महसूस नहीं करते हैं। कुछ लोगों को हल्का बुखार होता है, ठंड लगती है या दाना निकलता है। ये आम-तौर पर हल्की प्रतिक्रिया या एलर्जी के कारण होते हैं। इनका इलाज दवा से (बुखार कम करने के लिए), या रक्त धीरे-धीरे चढ़ाकर किया जा सकता है।

ट्रांसफ्यूजन के दौरान किन्हीं समस्याओं के लिए कर्मचारी ध्यानपूर्वक आपकी निगरानी करेंगे। इसका अर्थ है नियमित समयावधियों पर आपकी नब्ज, रक्तचाप (BP) और तापमान की जांच करना। यदि ट्रांसफ्यूजन के दौरान कभी भी आप अस्वस्थ महसूस करते/करती हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप तुरंत नर्स को बताएँ।

## क्या मैं ट्रांसफ्यूजन से इंकार कर सकता/सकती हूँ?

इलाज कराना आपका फैसला है। आपको मना करने का अधिकार है, परन्तु ऐसा करने से पहले यह ज़रूरी है कि आप इसके परिणाम पूरी तरह समझ लें। यदि ब्लड ट्रांसफ्यूजन स्वीकार न करने का आपका कोई कारण है, तो कृपया अभी अपने डॉक्टर को बताएँ।

## अपने डॉक्टर से क्या पूछें

- ☐ मुझे ब्लड ट्रांसफ्यूजन की ज़रूरत क्यों है?
- ☐ मेरी परिस्थिति में इसके लाभ और खतरे क्या हैं?
- ☐ क्या कोई अन्य विकल्प हैं?
- ☐ कोई अन्य बात जिसे आप नहीं समझते/समझती हैं, जिसे लेकर आप चिंतित हैं या जिसका वर्णन आप चाहते/चाहती हैं।

यदि आपकी नियोजित सर्जरी होने वाली है:

- ☐ क्या ब्लड ट्रांसफ्यूजन की मेरी ज़रूरत को कम करने के लिए मैं कुछ कर सकता/सकती हूँ?
- ☐ क्या मुझे एनीमिया (रक्तहीनता) होना शुरू हो रहा है या मुझमें आयरन की कमी हो रही है और इसे कैसे ठीक किया जा सकता है?
- ☐ क्या इस ऑपरेशन में हुई गँवाये जाने वाले रक्त को इकट्ठा करके मुझे वापस चढ़ाया जाना संभव है?

## अपने डॉक्टर को क्या बताएँ

आपको अपने डॉक्टर को बताना चाहिए यदि:

- ☐ आपके पास ब्लड ट्रांसफ्यूजन स्वीकार न करने का कोई कारण है।
- ☐ पहले ब्लड ट्रांसफ्यूजन को लेकर आपको कोई प्रतिक्रिया या समस्या पेश आई है।
- ☐ आप यह जानते/जानती हैं कि आपकी कोई विशेष ट्रांसफ्यूजन ज़रूरतें या आवश्यकताएँ हैं।
- ☐ आप खून को पतला करने वाली दवाओं का सेवन कर रहे/रही हैं (जैसे कि aspirin, warfarin, clopidogrel, apixaban, dabigatran, rivaroxaban), जिससे रक्तस्राव (ब्लीडिंग) बढ़ सकता है। यदि आपकी सर्जरी होने वाली है, तो अपने डॉक्टर से पूछें कि क्या ऑपरेशन से पहले इनका सेवन बंद कर देना चाहिए या नहीं और ऐसा कब करना चाहिए। कृपया याद रखें, आपकी सुरक्षा के लिए, केवल आपका डॉक्टर ही यह फैसला ले सकता है क्योंकि इनका सेवन करना रोकने के खतरे इसे रोकने से मिलने वाले लाभों की तुलना में अधिक हो सकते हैं।
- ☐ आप कोई अन्य दवाओं (इसमें हर्बल दवाएँ शामिल हैं) और बिना प्रिस्क्रिप्शन काउंटर से खरीदी जा सकने वाली दवायों का सेवन कर रहे/रही हैं क्योंकि इनमें से कुछ दवाएँ भी रक्त को पतला कर सकती हैं।

## यदि ब्लड ट्रांसफ्यूजन को लेकर मेरी और चिंताएँ हों तो क्या?

यदि आपकी कोई चिंताएँ हैं, भले ही आपको वह कितनी मामूली क्यों न लगे, आपको अपने डॉक्टर, नर्स या मिडवाइफ से बात करनी चाहिए।

### और अधिक जानकारी केलिए:

यदि आपके पास इंटरनेट की सुविधा है और आप ट्रांसफ्यूजन केब ारे में और अधिक जानना चाहते/चाहती है, तो हो सकता है कि आपको निम्नलिखित वेबसाइट उपयोगी लगे:
www.lifeblood.com.au/patients

The English language version of this document has been reviewed and endorsed by CAG* for consumers and the community – January 2023

*SA Health Community Advisory Group

Government of South Australia
SA Health

BloodSafe

रोगियों के लिए विषय-वस्तु इस वेबसाइट पर उपलब्ध है:
www.sahealth.sa.gov.au/bloodorgantissue

© Department for Health & Wellbeing, Government of South Australia
सभी अधिकार सं रदिष्त है। *BloodSafe TP-L3-813 v2.1 2023*